उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 592/2022 दिनांक /Date.: 01-07-2022

संवाद–243

विषयः– भर्ती परीक्षा केन्द्र पुलिस लाइन रेसकोर्स, देहरादून में मौसम खराब होने के कारण स्थगित हुयी शारीरिक दक्षता परीक्षा अन्य तिथि में आयोजित किये जाने एवं विशेष कारणों से निर्धारित तिथियों में प्रतिभाग न कर सकने वाली अभ्यर्थिनियों को अतिरिक्त दिवसों में अवसर प्रदान किये जाने के संबंध में

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि वर्तमान में प्रदेश में पुलिस आरक्षी व अन्य रिक्त पदों पर चयन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद–देहरादून द्वारा अवगत कराया गया है दिनांक 18.06.2022 को महिला अभ्यर्थिनियों हेतु आंविटत भर्ती परीक्षा केन्द्र–पुलिस लाइन रेसकोर्स, देहरादून में आयोजित होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा मौसम खराब होने व अत्यधिक वर्षा के कारण स्थगित की गयी थी, यह शारीरिक दक्षता परीक्षा अब दिनांक 04.07.2022 को आयोजित की जायेगी।

अतः पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक 18.06.2022 को प्रतिभाग करने वाली अभ्यर्थिनियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 04.07.2022** को आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित तिथि में शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु जो प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं वे उसी प्रवेश पत्र को लेकर संबंधित **शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्र–पुलिस लाइन रेसकोर्स, देहरादून में प्रातः 07:30 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

यह भी सूचित करना है कि विशिष्ट कारणों से शारीरिक दक्षता परीक्षा न दे सकने वाली अभ्यर्थिनियों के लिए पुलिस लाइन रेसकोर्स केन्द्र पर अतिरिक्त तिथियां दिनांक 05 व 06 जुलाई, 2022 रखी गयी है।

अतः पूर्व निर्धारित तिथियों में प्रतिभाग न कर पाने वाली अभ्यर्थिनियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 05.07.2022 एवं 06.07.2022** को आयोग द्वारा पूर्व में शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु जो प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं, वे उसी प्रवेश–पत्र व संबंधित चिकित्सक का प्रमाण–पत्र या अन्य परीक्षा का प्रवेश–पत्र या अन्य समुचित प्रमाण लेकर **भर्ती परीक्षा केन्द्र पुलिस लाइन रेसकोर्स, देहरादून में प्रातः 07:30 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

आयोग की ओर से,
1/7/22
(संतोष बडोनी)
सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वेबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com